# अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को मिलेगा गैस प्लांट

## प्रलिम्स के लिये:

द्वीप तटीय क्षेत्र विनियमन 2019, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह।

## मेन्स के लिये:

तटीय क्षेत्र विनियमन।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने तटीय क्षेत्रों के नियमन को नियंत्रित करने वाले कानूनों में छूट को मंज़ूरी दे दी है जिसे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में गैस संचालित संयंत्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया है।

## प्रमुख बिंदु

- द्वीप तटीय क्षेत्र विनियमन (The Island Coastal Zone Regulation-ICRZ), 2019, कमजोर तटीय हिस्सों पर बुनियादी ढाँचे के विकास को सीमित करता है।
- राष्ट्रीय तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (National Coastal Zone Management Authority- NCZMA) ने सिफारिश की है कि केवल 100 वर्ग किलोमीटर से अधिक भौगोलिक क्षेत्रों वाले द्वीपों पर द्वीप तटीय विनियमन क्षेत्र के भीतर गैस आधारित बिजली संयंत्रों की अनुमति दी जानी चाहिये।
- इससे डीज़ल और LNG दोनों से संचालित होने वाले दोहरे ईंधन वाले बिजली संयंत्र के चालू होने की उम्मीद है।
- नीति आयोग के नीतिगत प्रयासों के बाद अंडमान क्षेत्र के विकास में रुचि बढ़ी है। एक प्रस्तावित परियोजना ग्रेटर अंडमान क्षेत्र या द्वीप समूह के सबसे दक्षिणी हिस्से को विकसित करने की है।
    - प्रस्तावों में 22 वर्ग किलोमीटर का हवाई अड्डा परिसर, दक्षिण खाड़ी में 12,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से एक ट्रांसशिपमेंट पोर्ट (TSP), तट के समांतर एक रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम, एक मुक्त व्यापार क्षेत्र तथा दक्षिण-पश्चिमी तट पर वेयरहाउसिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण शामिल हैं।

## ICRZ 2019:

- केंद्र सरकार ने उक्त क्षेत्रों में कुछ तटीय क्षेत्रों की स्थापना और विस्तार, उद्योगों, संचालन एवं प्रक्रियाओं को तटीय विनियमन क्षेत्र के रूप में घोषित किया तथा प्रतिबंध लगाए।
- केंद्र सरकार को अंडमान और निकोबार प्रशासन से द्वीप तटीय विनियमन क्षेत्र (आईसीआरजेड) अधिसूचना के प्रावधानों के तहत समूह-I से समूह-II द्वीपों के पुन: वर्गीकरण के संबंध में अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।
    - **समूह- I:** भौगोलिक क्षेत्रों वाले द्वीप> 1000 वर्ग किमी. जैसे- दक्षिण अंडमान, मध्य अंडमान, उत्तरी अंडमान और ग्रेट निकोबार।
    - **समूह- II:** भौगोलिक क्षेत्रों वाले द्वीप> 100 वर्ग किमी. लेकिन <1000 वर्ग किमी जैसे- बारातंग, लिटिल अंडमान, हैवलॉक और कार निकोबार।
    - समूह- I के लिये उच्च ज्वार रेखा से समुद्र के सामने की ओर 200 मीटर और समूह- II द्वीप समूह के लिये समुद्र के किनारे के साथ भूमि की ओर 100 मीटर तक का भूमि क्षेत्र।

## तटीय विनियमन क्षेत्र:

- तटीय क्षेत्र का उच्च ज्वार रेखा (HTL) से 500 मीटर तक का क्षेत्र तथा साथ ही खाड़ी, एस्चूरिज, बैकवॉटर और नदियों के किनारों को CRZ क्षेत्र माना गया है, लेकिन इसमें महासागर को शामिल नहीं किया गया है।
    - उच्च ज्वार रेखा का अर्थ है उस भूमि पर स्थित रेखा जहाँ तक वसंत ज्वार के दौरान उच्चतम जलराशि पहुँचती है।

    - निम्न ज्वार रेखा का अर्थ है भूमि पर वह रेखा जहाँ तक लहर की सबसे निचली रेखा वसंत ज्वार के दौरान पहुँचती है।
- पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा तटीय विनियमन क्षेत्र घोषित किये गए हैं।
- CRZ नियम केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा बनाए जाते हैं, जबकि कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा अपने तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरणों के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है।

## अंडमान और निकोबार द्वीप समूह:

- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भारत का केंद्रशासित प्रदेश है। इस क्षेत्र को A एंड N द्वीप समूह या ANI के रूप में जाना जाता है।
- यह हिंद महासागर में बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में इंडोनेशिया और थाईलैंड के निकट स्थित है। इसमें दो द्वीप समूह शामिल हैं - अंडमान द्वीप समूह और निकोबार द्वीप समूह जो अंडमान सागर को हिंद महासागर से पूर्व में अलग करता है।
- उत्तर में स्थित अंडमान और दक्षिण में निकोबार 10° उत्तर समानांतर अक्षांश द्वारा अलग किया जाता है। इस क्षेत्र की राजधानी अंडमानी शहर पोर्ट ब्लेयर है।
- इन द्वीपों की आधिकारिक भाषाएँ हिंदी और अंग्रेज़ी हैं। बांग्ला प्रमुख और सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, यहाँ की 26% आबादी बांग्ला भाषा बोलती है।
- विशिष्ट रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह (PTGs) जिनकी पहचान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में की गई है। वे हैं:
    - जलडमरूमध्य द्वीप के ग्रेट अंडमानी
    - लिटिल अंडमान के ओंगी
    - दक्षिण और मध्य अंडमान के जारावा
    - सेंटिनल द्वीप के सेंटिनली जनजाति
    - ग्रेट निकोबार के शोम्पेंस




//

## विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs):

**प्रश्न. भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में मैंग्रोव वन, सदाबहार वन और पर्णपाती वन एक साथ पाए जाते है? (2015)**

(a) उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश
(b) दक्षिण-पश्चिम बंगाल
(c) दक्षिणी सौराष्ट्र
(d) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

**उत्तर: (D)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन सा द्वीप युग्म 'दस डिग्री चैनल' द्वारा एक-दूसरे से विभाजित होता है? (2014)**

(a) अंडमान और निकोबार
(b) निकोबार और सुमात्रा
(c) मालदीव और लक्षद्वीप
(d) सुमात्रा और जावा

**उत्तर: (A)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कहाँ पर प्रवाल भित्तियाँ पाई जाती हैं? (2014)**

1. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
2. कच्छ की खाड़ी
3. मन्नार की खाड़ी
4. सुंदरबन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (A)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित में से किस स्थान पर शोम्पेन जनजाति पाई जाती है? (2009)**

(a) नीलगिरि हिल्स
(b) निकोबार द्वीप समूह
(c) स्पीति घाटी
(d) लक्षद्वीप द्वीप समूह

**उत्तर: (B)**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/andaman-and-nicobar-islands-to-get-gas-plant